**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 249**
**02 दिसंबर, 2025 को उत्तर दिए जाने के लिए**

## पीएम मित्र पार्कों को बढ़ावा देना

**249. श्री निलेश ज्ञानदेव लंके:**
**श्रीमती सुप्रिया सुले:**
**डॉ. शिवाजी बंडाप्पा कालगे:**
**श्री धैर्यशील राजसिंह मोहिते पाटील:**
**श्री संजय दिना पाटील:**
**श्री ज्ञानेश्वर पाटील:**
**प्रो. वर्षा एकनाथ गायकवाड़:**
**डॉ. अमोल रामसिंग कोल्हे:**
**श्री भास्कर मुरलीधर भगरे:**
**श्री संदिपनराव आसाराम भुमरे:**

**क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:**

(क) अवसंरचना विकास, सुविधाओं की स्थापना और वस्त्र उद्योग को बढ़ावा देने के लिए प्रदान की गई सहायता के संबंध में उठाए गए कदमों का आज की तारीख तक महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश सहित राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में पीएम मित्र पार्क स्थापित करने की योजना बना रही है और यदि हां, तो पार्क के लिए राज्य-वार कुल कितना क्षेत्र और निवेश प्रस्तावित है;

(ग) पीएम मित्र पार्क से कितने रोजगार सृजन होने की संभावना है;

(घ) महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश सहित राज्य-वार पीएम मित्र पार्क के लिए कुल कितनी केंद्रीय सहायता स्वीकृत और जारी की गई;

(ङ) इस परियोजना के लिए निजी क्षेत्र से प्राप्त निवेश प्रतिबद्धताओं का ब्यौरा क्या है;

(च) क्या किसी अंतर्राष्ट्रीय वस्त्र कंपनी ने पार्क में निवेश करने में रुचि दिखाई है और यदि हां, तो महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश सहित राज्य-वार वस्त्र क्षेत्र पर पीएम मित्र पार्क का कितना अनुमानित प्रभाव पड़ा है;

(छ) क्या विकास में कौशल विकास केंद्रों, अपशिष्ट उपचार संयंत्रों और रसद केंद्रों जैसे सहायता से जुड़े बुनियादी ढांचे शामिल हैं और यदि हां, तो इस पहल से लाभान्वित होने वाले स्थानीय बुनकरों और कपड़ा एमएसएमई की संख्या कितनी है;

(ज) पार्क द्वारा भारत के कपड़ा निर्यात और मूल्य श्रृंखला को किस प्रकार सुदृढ़ किए जाने की संभावना है; और

(झ) महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश सहित देश के वस्त्र उद्योग में निवेशकों को आकर्षित करने के लिए सरकार द्वारा निवेश और व्यापार कार्यकलापों को बढ़ावा देने के लिए किए गए प्रोत्साहन, नीतिगत सहयोग या बढ़ावा दिए जाने के प्रयासों को शामिल करने के लिए उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है और तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**वस्त्र राज्य मंत्री**
**(श्री पबित्र मार्घेरिटा)**

**(क) से (ग):** वस्त्र क्षेत्र में निवेश बढ़ाने, रोजगार के अवसर सृजित करने और निर्यात को बढ़ावा देने के उद्देश्य से, मंत्रालय देश भर के वस्त्र केंद्रों में विश्व स्तरीय, अत्याधुनिक अवसंरचना के साथ वस्त्र पार्क स्थापित करने के लिए सहायता प्रदान करने हेतु एकीकृत वस्त्र पार्क योजना (एसआईटीपी) का कार्यान्वयन कर रहा है। यह योजना 31.03.2021 तक लागू थी, तथापि, अब केवल चल रही परियोजनाओं को पूरा करने के लिए इस योजना को वस्त्र क्षेत्र विकास योजना (टीसीडीएस) की व्यापक योजना के अंतर्गत समाहित कर लिया गया है।

उक्त योजना के तहत, महाराष्ट्र में 12 पार्कों सहित कुल 50 पार्क स्वीकृत किए गए थे। 50 पार्कों में से 30 पार्क पूरे हो चुके हैं और 20 परियोजनाएं कार्यान्वयन के विभिन्न चरणों में हैं। अब तक, भारत सरकार का 1532 करोड़ रुपये का हिस्सा जारी किया जा चुका है। इन परियोजनाओं का राज्य-वार विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

उपरोक्त के अतिरिक्त, सरकार ने 7 साइटों पर पीएम मेगा एकीकृत वस्त्र क्षेत्र एवं अपैरल (पीएम मित्र) पार्क स्थापित करने को अंतिम रूप दिया है। इसमें तमिलनाडु (विरुधुनगर), तेलंगाना (वारंगल), गुजरात (नवसारी), कर्नाटक (कलबुर्गी), उत्तर प्रदेश (लखनऊ), मध्य प्रदेश (धार) और महाराष्ट्र (अमरावती) में एक-एक पार्क शामिल हैं। इसके लिए वर्ष 2027-28 तक सात वर्षों की अवधि के लिए 4445 करोड़ रुपये के परिव्यय का प्रावधान किया गया है। यह उम्मीद की जाती है कि प्रत्येक पीएम मित्र पार्क के पूरा होने पर 3 लाख (प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष दोनों) रोजगार सृजित होंगे।

**(घ) से (च):** पीएम मित्र योजना के तहत विकास पूंजी सहायता के भाग के रूप में, तमिलनाडु और मध्य प्रदेश के पीएम मित्र पार्कों के लिए प्रत्येक को 50 करोड़ रुपये की राशि तथा महाराष्ट्र और तेलंगाना के पीएम मित्र पार्कों के लिए प्रत्येक को 30 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत और आवंटित की गई है। सभी 7 पार्कों के लिए अब तक 42,491 करोड़ रुपये का निवेश प्राप्त हुआ है। इसमें प्रमुख घरेलू और साथ ही अंतर्राष्ट्रीय वस्त्र कंपनियों का निवेश शामिल है।

**(छ) से (झ):** पीएम मित्र पार्कों को वैश्विक मानकों के अनुरूप डिजाइन किया गया है और इसमें सीईटीपी/जेडएलडी एफ्लूएंट ट्रीटमेंट के प्रावधानों के साथ-साथ प्लग एंड प्ले सुविधाएं, कामगारों के लिए आवास, कौशल विकास, प्रशिक्षण और अनुसंधान एवं विकास केंद्र शामिल हैं।

पीएम मित्र पार्कों से अनुमान है कि वे वस्त्र उद्योग को अर्थव्यवस्था में वृद्धि हासिल करने में मदद करके और वैश्विक कंपनियों को भारत में विनिर्माण के लिए आकर्षित करके उद्योग की प्रतिस्पर्धा को बढ़ाएंगे।

केंद्र तथा राज्य सरकारें इन पार्कों में निवेश के अवसरों को सक्रिय रूप से प्रोत्साहित कर रही हैं। नीतिगत स्तर पर, पीएम मित्र पार्क योजना में पार्क में प्रारंभिक चरण में विनिर्माण इकाइयों की स्थापना हेतु प्रोत्साहन के रूप में प्रति पार्क अधिकतम 300 करोड़ रूपयें तक की प्रतिस्पर्धात्मक प्रोत्साहन सहायता (सीआईएस) का प्रावधान है। इसके अतिरिक्त, कुछ राज्यों ने इन पार्कों में निवेश के लिए अन्य नीतिगत प्रोत्साहन भी घोषित किए हैं, जैसे—विद्युत दरों में अंतर (कम दरें) तथा अधिक प्रोत्साहनों का प्रावधान। इन पार्कों को बढ़ावा देने के लिए कई राउंडटेबल, उद्योग सम्मेलनों तथा राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय रोड शो का भी आयोजन किया गया है।

अनुबंध

## एसआईटीपी योजना के तहत 50 पार्कों का विवरण

| क्र.सं. | पार्क का नाम | राज्य | एसआईटीपी के तहत स्वीकृत परियोजना लागत (करोड़ में) | भारत सरकार का जारी हिस्सा ( करोड़ में ) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | हिन्दुपुर व्यापार अपैरल पार्क लिमिटेड | आंध्र प्रदेश | 102.27 | 24.00 |
| 2 | ब्रैंडिक्स इंडिया अपैरल सिटी प्राइवेट लिमिटेड | आंध्र प्रदेश | 134.42 | 40.00 |
| 3 | तारकेश्वर टेक्सटाइल पार्क | आंध्र प्रदेश | 103.44 | 20.00 |
| 4 | गुंटूर टेक्सटाइल पार्क, गुंटूर | आंध्र प्रदेश | 105.12 | 30.00 |
| 5 | प्राग ज्योति टेक्सटाइल पार्क, दरांग | असम | 47.25 | 20.00 |
| 6 | गुजरात इको टेक्सटाइल पार्क लिमिटेड, सूरत | गुजरात | 128.75 | 40.00 |
| 7 | मुंद्रा एसईजेड टेक्सटाइल एंड अपैरल पार्क लिमिटेड | गुजरात | 103.53 | 40.00 |
| 8 | फेयरडील टेक्सटाइल पार्क प्राइवेट लिमिटेड, सूरत | गुजरात | 105.63 | 40.00 |
| 9 | व्रज इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल पार्क लिमिटेड, अहमदाबाद | गुजरात | 105.4 | 40.00 |
| 10 | सयाना टेक्सटाइल पार्क लिमिटेड, सूरत | गुजरात | 90.00 | 36.00 |
| 11 | सूरत सुपर यार्न पार्क लिमिटेड, सूरत | गुजरात | 104.76 | 40.00 |
| 12 | आरजेडी इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल पार्क, सूरत | गुजरात | 106.5 | 40.00 |
| 13 | केजरीवाल इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल पार्क | गुजरात | 105.79 | 36.00 |
| 14 | पलसाना आईटीपी पार्क, सूरत | गुजरात | 103.36 | 30.00 |
| 15 | अमितारा ग्रीन हाई टेक टेक्सटाइल पार्क प्राइवेट लिमिटेड. | गुजरात | 103.4 | 40.00 |
| 16 | इच्छापोर टेक्सटाइल पार्क, सूरत | गुजरात | 104.65 | 20.00 |
| 17 | करंज एकीकृत वस्त्र पार्क | गुजरात | 104.95 | 20.00 |
| 18 | शाहलोन टेक्सटाइल पार्क | गुजरात | 103.93 | 10.00 |
| 19 | हिमाचल टेक्सटाइल पार्क | हिमाचल प्रदेश | 96.9 | 34.88 |
| 20 | जम्मू-कश्मीर टेक्सटाइल पार्क, कठुआ | जम्मू और कश्मीर | 44.11 | 35.73 |
| 21 | डोड्डाबलापुर इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल पार्क | कर्नाटक | 80.25 | 32.01 |
| 22 | मेट्रो हाई-टेक कोऑपरेटिव पार्क लिमिटेड | महाराष्ट्र | 100.80 | 40.00 |
| 23 | बारामती हाई टेक टेक्सटाइल पार्क लिमिटेड | महाराष्ट्र | 108.52 | 40.00 |
| 24 | दीसान इंफ्रास्ट्रक्चर, प्राइवेट लिमिटेड | महाराष्ट्र | 103.12 | 40.00 |
| 25 | इस्लामपुर इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल पार्क प्राइवेट लिमिटेड. | महाराष्ट्र | 102.39 | 40.00 |
| 26 | लातूर इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल पार्क प्राइवेट लिमिटेड | महाराष्ट्र | 102.61 | 40.00 |
| 27 | अस्मिता इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड | महाराष्ट्र | 277.69 | 40.00 |
| 28 | प्राइड इंडिया कोऑपरेटिव टेक्सटाइल पार्क लिमिटेड | महाराष्ट्र | 58.19 | 20.95 |
| 29 | पूर्णा ग्लोबल टेक्सटाइल्स पार्क | महाराष्ट्र | 107.29 | 22.03 |
| 30 | कल्लप्पन्ना अवाडे टेक्सटाइल पार्क | महाराष्ट्र | 76.31 | 27.47 |
| 31 | सत्यराज इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल पार्क | महाराष्ट्र | 104.49 | 35.00 |
| 32 | हिंगणघाट टेक्सटाइल पार्क | महाराष्ट्र | 108.38 | 40.00 |
| 33 | श्री गणेश टेक्सटाइल पार्क | महाराष्ट्र | 104.03 | 15.00 |
| 34 | लोटस इंटीग्रेटेड टेक्स पार्क | पंजाब | 108.52 | 40.00 |
| 35 | रिदम टेक्सटाइल एंड अपैरल पार्क लिमिटेड | पंजाब | 91.40 | 36.00 |
| 36 | लुधियाना इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल पार्क लिमिटेड | पंजाब | 116.19 | 36.00 |
| 37 | नेक्स्ट जेन टेक्सटाइल पार्क प्राइवेट लिमिटेड, पाली | राजस्थान | 101.40 | 40.00 |

| क्र.सं. | पार्क का नाम | राज्य | एसआईटीपी के तहत स्वीकृत परियोजना लागत (करोड़ में) | भारत सरकार का जारी हिस्सा ( करोड़ में ) |
|---|---|---|---|---|
| 38 | किशनगढ़ हाई-टेक टेक्सटाइल वीविंग पार्क लिमिटेड | राजस्थान | 110.58 | 36.00 |
| 39 | जयपुर इंटीग्रेटेड टेक्सक्राफ्ट पार्क प्राइवेट लिमिटेड | राजस्थान | 60.15 | 24.06 |
| 40 | पल्लदम हाई-टेक वीविंग पार्क, पल्लदम | तमिलनाडु | 55.42 | 22.17 |
| 41 | कोमारपलायम हाई-टेक बुनाई पार्क | तमिलनाडु | 31.33 | 12.54 |
| 42 | करूर इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल पार्क, करूर पार्क | तमिलनाडु | 116.1 | 40.00 |
| 43 | मदुरै इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल पार्क लिमिटेड | तमिलनाडु | 87.30 | 31.43 |
| 44 | पेरारिग्नार अन्ना हैंडलूम सिल्क पार्क | तमिलनाडु | 82.56 | 19.81 |
| 45 | पल्लवड़ा टेक्सटाइल पार्क | तमिलनाडु | 106.58 | 10.00 |
| 46 | द ग्रेट इंडियन लिनन एंड टेक्सटाइल | तमिलनाडु | 104.29 | 12.00 |
| 47 | पोचमपल्ली हैंडलूम पार्क लिमिटेड | तेलंगाना | 34.00 | 13.60 |
| 48 | व्हाइट गोल्ड टेक्सटाइल पार्क | तेलंगाना | 90.24 | 32.48 |
| 49 | ईआईजीएमईएफ अपैरल पार्क लिमिटेड. | पश्चिम बंगाल | 107.55 | 31.61 |
| 50 | पश्चिम बंगाल होजरी टेक्सटाइल पार्क, हावड़ा | पश्चिम बंगाल | 70.14 | 25.25 |

***